दिनांक 26.03.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देशन पर किया जा रहा है नालों की सफाई एवं नालों में बहने वाले कचरे की रोकथाम के उपाय

भिलाईनगर/निगमायुक्त सुंदरानी ने निगम भिलाई के समस्त जोन आयुक्त को विगत दिनों 19 मार्च को हुए बैठक में आगामी बारिश को देखते हुए नाली की विस्तृत सफाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। इसी तारतम्य में जोन क्षेत्र में बड़े नालों की सफाई भी की जा रही है। स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ ही इनके विशेष टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है एवं जिन क्षेत्रों पर बड़े नालों एवं नाली से होकर जाने वाले पानी जो कि तालाब में जाकर सम्मिलित होते हैं वैसे स्त्रोतों से आने वाले नालियों में बहने वाले कचरे जैसे -लकड़ियों के टुकड़े, पॉलीथिन एवं इससे बनंे सामग्री , डिस्पोजल, पन्नी आदि कचरा को रोकने के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर विशेष प्रकार के विकल्प जैसे-जाली लगाने का कार्य अपनाते हुए कचरे को रोकने की व्यवस्था की जा रही है जिसका उद्देश्य यह है कि इस प्रकार के कचरे को आसानी से निकाला जा सके साथ ही इस प्रकार के माध्यमों से तालाबों में कचरा एकत्रित ना हो।

इसी कड़ी में निगम भिलाई जोन क्रमांक 6 अंतर्गत ‘‘स्वच्छता पखवाड़ा‘‘ के तहत 60 कर्मचारियों के विशेष गैंग द्वारा रिसाली क्षेत्र में गांधी चैक से नाली एवं बड़ा नाला सफाई करते हुए रूआबांधा सेक्टर के अंतिम क्षेत्र तक सफाई किया गया जिसमें झरिया पारा तलाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई भी सम्मिलित है।

जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 22 श्याम नगर मेर साइफन नहर नाला की सफाई विशेष गैंग द्वारा की गई साथ ही घरों में कीटनाशक छिड़काव व नहरनाला के किनारे मलेरिया ऑयल का छिड़काव किया गया।

जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 39 में इसी तरह से सफाई अभियान चलाया गया।

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए ताकि नालियों से बहने वाले पानी विभिन्न स्त्रोतों में आसानी से पहुंच जाएं इसकी व्यवस्था किए जाने हेतु निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी